प्रेस विज्ञाप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–09.10.2023 (सं0–331)

सहायक अवर निरीक्षक से अवर निरीक्षक पद पर उच्चतर प्रभार

- बिहार पुलिस में आवश्यकतानुसार विभिन्न कोटियों में उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार दिया जा रहा है। पूर्व में बिहार पुलिस के अवर निरीक्षक के रिक्त पद पर कार्यहित में वरीयता–सह–योग्यता के आधार पर कुल 3279 योग्य पाये गये सहायक अवर निरीक्षक को अपने वर्तमान पदस्थापना वाले जिला/इकाई/अन्य कार्यालय में अवर निरीक्षक के रूप में उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार दिया गया था।

- इस क्रम में लम्बित मामलों में पुनः जाँचोपरान्त सहायक अवर निरीक्षक से अवर निरीक्षक पद पर कार्यकारी प्रभार दिये जाने हेतु पुनर्विचार के उपरान्त योग्य 1816 सहायक अवर निरीक्षक को अवर निरीक्षक के पद पर कार्यकारी प्रभार देते हुये द्वितीय सूची निर्गत कर दी गयी है।

- इस प्रकार अभी तक सिपाही से सहायक अवर निरीक्षक के 2685+365 अर्थात 3050 पदों पर, सहायक अवर निरीक्षक से अवर निरीक्षक के 3279+1816 अर्थात 5095 पदों पर तथा अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के 1168 पदों पर अर्थात अभी तक कुल 9313 उच्चतर पदों पर कार्यकारी प्रभार दिया जा चुका है।

- अन्य लम्बित मामलों की समीक्षा प्रक्रियाधीन है।

XXXXX